CMYK-printech

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग

CSERC

छत्तीसगढ़ राज्य
विद्युत नियामक आयोग

# वार्षिक प्रतिवेदन

## वर्ष - 2010

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग

## वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2010

### विषय-सूची


| खण्ड क्र. | शीर्षक | | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | : | 1–3 |
| 2. | मानव संसाधन एवं उनका विकास | : | 4–10 |
| 3. | आयोग के कृत्य, कार्यवाहियाँ, शक्तियाँ एवं उसकी कार्यप्रणाली | : | 11–14 |
| 4. | राज्य सलाहकार समिति | : | 15–16 |
| 5. | वर्ष 2010 में आयोग द्वारा किये गये विभिन्न कार्यों का विवरण | : | 17–22 |
| 6. | आयोग का वित्त एवं लेखा विवरण वर्ष 2009–10 | : | 23–24 |
| | परिशिष्ट | | |
| | वित्तीय वर्ष 2009–10 का संपरीक्षित वार्षिक लेखा विवरण, लेखा संपरीक्षा प्रमाण पत्र तथा प्रतिवेदन | : | 25–40 |

# खण्ड–1
# प्रस्तावना

## 1.1 उद्देश्यिका (मिशन स्टेटमेंट) –

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, का गठन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इलेक्ट्रीसिटी रेगुलेटरी कमीशंस एक्ट 1998 एवं विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 82 के अनुसरण में किया गया है। आयोग उक्त अधिनियम तथा राष्ट्रीय विद्युत नीति एवं टैरिफ नीति में प्रतिपादित सिद्धान्तों के अनुसार कार्य सम्पादित करता है। आयोग का ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि विद्युत, जो कि विकास का एक अति महत्वपूर्ण घटक है, का प्रदाय वाणिज्यिक नीति पर आधारित होते हुए भी, ऐसे मूल्य पर उपलब्ध हो जो जन–साधारण की पहुँच में हो। आयोग राज्य में विद्युत के क्षेत्र में सुधार हेतु ऐसे दिशा–निर्देश एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु क्रियाशील है जिनसे दक्षता, मितव्ययिता, प्रतिस्पर्धा का संवर्धन हो एवं उपभोक्ता को संतुष्टि प्राप्त हो। अपने कार्य को संपन्न करने हेतु आयोग, इस विषय से संबंधित समस्त व्यक्तियों विशेषतः उपभोक्ताओं की भागीदारी प्राप्त करने के प्रति सदा–सर्वदा सजग है। आयोग, राज्य में ऐसे विनियमित परिवेश की स्थापना करने हेतु प्रयत्नशील है जिससे प्रदेश में विद्यमान ताप–विद्युत एवं जल–विद्युत तथा विद्युत के नवीन तथा अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों की प्रचुर संभावनाओं का समुचित दोहन करने के लिए पर्याप्त पूंजी निवेश को प्रोत्साहन मिले तथा साथ ही साथ पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव भी न हो।

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86 में आयोग को सौंपे गये विभिन्न कार्यो का निर्वहन करने के अनुक्रम में वर्ष 2010 में भी आयोग द्वारा कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर विनियम बनाए गए तथा याचिकाओं का निराकरण किया गया। प्रतिवेदित वर्ष (2010) में आयोग द्वारा किये गए उपरोक्त कार्यों तथा अन्य कार्यों का संक्षिप्त वर्णन प्रतिवेदन में किया गया है।

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 105 के साथ सहपठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (वार्षिक प्रतिवेदन) नियम 2005 के प्रावधानों के अधीन प्रत्येक कलेण्डर वर्ष में आयोग की गतिविधियों का विवरण आगामी वर्ष में आयोग द्वारा तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित किया जाता है। विद्युत अधिनियम की धारा 104(4) के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा संपरीक्षित वार्षिक लेखे एवं लेखा संपरीक्षा प्रतिवेदन भी आयोग द्वारा राज्य शासन को प्रेषित किया जाता है। उक्त दोनों प्रतिवेदन तथा संपरीक्षित वार्षिक लेखे राज्य शासन द्वारा विधान–सभा के पटल पर रखे जाते हैं। इस प्रतिवेदन में आयोग का वर्ष 2010 का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2009–10 के संपरीक्षित वार्षिक लेखे तथा संपरीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत हैं।

## 1.2 आयोग की स्थापना

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग का गठन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इलेक्ट्रीसिटी रेगुलेटरी कमीशंस एक्ट 1998 एवं विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 82 में निहित प्रावधानों के अधीन अधिसूचना क्रमाँक 3190/S/E/2002/ दिनाँक 23/08/2002 सहपठित अधिसूचना क्रमाँक 432/R/352 दिनाँक 11/05/2004 के द्वारा किया गया। राज्य शासन के आदेश क्रमांक F-1/38/2004/13/1 दिनाँक 10/06/2004 के द्वारा आयोग में श्री एस. के. मिश्र, अध्यक्ष तथा श्री शरत चंद्र, सदस्य के पदों पर नियुक्त किये गये। अधिनियम के अनुसार आयोग के अध्यक्ष आयोग के मुख्य कार्यपालक होते हैं। आयोग में नियुक्ति के पूर्व श्री एस.के. मिश्र, भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवानिवृत्त), छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव के पद पर सेवारत थे तथा श्री शरत चंद्र छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल में सचिव तथा सदस्य (पारेषण एवं वितरण) के पद पर लगभग सवा दो साल सेवाएँ देकर सेवानिवृत्त हुए थे। अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा दिनाँक 01 जुलाई, 2004 को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करने के पश्चात् आयोग में अपना पद भार संभाला गया। श्री एस.के. मिश्र, अध्यक्ष दिनांक 30/06/2009 को आयोग में अपना कार्यकाल पूर्ण कर कार्यमुक्त हुये। राज्य शासन के अधिसूचना क्रमांक एफ–1–7/13/1/2007, रायपुर, दिनांक 29/06/2009 के द्वारा आयोग के अध्यक्ष के पद पर श्री मनोज डे की नियुक्ति की गई। श्री शरद चंद्र, सदस्य दिनांक 22/03/2008 को आयोग में अपना कार्यकाल पूर्ण कर कार्यमुक्त हुये। राज्य शासन के अधिसूचना क्रमांक एफ–1–7/13/1/2007, रायपुर, दिनांक 19/03/2008 के द्वारा आयोग के सदस्य के पद पर श्री बी.के. शर्मा की नियुक्ति की गई। आयोग के वर्तमान अध्यक्ष एवं सदस्य का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार हैः–

**श्री मनोज डे (अध्यक्ष)**

श्री मनोज डे द्वारा शासकीय अभियांत्रिकीय महाविद्यालय, रायपुर से वर्ष 1970 में विद्युत अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की गई। आपने मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में अप्रैल 1971 से विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएँ प्रदान की तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल में मुख्य अभियंता, सचिव एवं सदस्य के पद तक पहुँचे। श्री डे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल से सदस्य (पारेषण एवं वितरण) के पद से दिसम्बर 2007 में सेवानिवृत्त हुए, इस अवधि में कार्यो की गुणवत्ता के उन्नयन, अधिकतम श्रमशक्ति का सदुपयोग, विद्युत क्षमता वृद्धि एवं कार्यों में पारदर्शिता का आपके द्वारा समुचित ध्यान रखा गया। प्रशासनिक अनुभव के अतिरिक्त आप समस्त छत्तीसगढ़ के भौगोलिक क्षेत्र व विद्युत नेटवर्क के ज्ञाता है। विद्युत मण्डल में विद्युत देयकों SAP sowtware प्रणाली द्वारा process किया जाना, सम्पूर्ण consumer database SAP प्रणाली में Store किया जाना, विद्युत देयक का भुगतान debit card तथा online

payment किया जाना, Consumer indexing तथा Hand hold device द्वारा मीटर रिडिंग (धमतरी शहरी क्षेत्र) में लिया जाने का प्रारंभ श्री मनोज डे के प्रयासों से संभव हुआ। मण्डल में सदस्य के रूप में 1018 करोड़ की राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को अपने अन्तिम चरण में पहुंचाया। श्री डे इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के सदस्य हैं, वर्ष 2009 में उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए "इंजीनियर ऑफ द ईयर" का सम्मान प्राप्त हुआ है। 1 जुलाई 2009 से श्री मनोज डे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त हैं।

**श्री बी.के. शर्मा (सदस्य)**

श्री बी.के. शर्मा द्वारा शासकीय अभियांत्रिकीय महाविद्यालय, रायपुर से वर्ष 1968 में विद्युत अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की गई। आपकी प्रथम नियुक्ति मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में सहायक अभियंता के पद पर हुई। आपने म.प्र. विद्युत मण्डल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएँ प्रदान की तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल में मुख्य अभियंता व सदस्य सचिव के पद तक पहुँचे। श्री शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल से सदस्य (पारेषण एवं वितरण) के पद से वर्ष 2005 में सेवानिवृत्त हुए। आपने अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में विद्युत के पारेषण व वितरण प्रणाली का मास्टर प्लान बना कर क्रियान्वयन किया तथा छ.ग. विद्युत मंडल को नये आयाम तक पहुँचाया। छत्तीसगढ़ के ग्राम्यांचलो से सुपरिचित श्री बी.के. शर्मा का योगदान ग्रामीण विद्युतीकरण एवं सार्थक प्रयासों के लिए एक संवेदनशील अभिंयता के रूप में जाना जाता है। श्री शर्मा, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के अध्यक्ष पद पर दो वर्षो तक पदस्थ रहे। श्री बी.के. शर्मा 24 मार्च 2008 से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्य के पद पर नियुक्त हैं।

## 1.3 आयोग का कार्य स्थल

छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग के पत्र क्रमांक एफ–4–146/सात–1/06 दिनाँक 13.11.06 के द्वारा आयोग को शांति नगर रायपुर खास प.ह.नं. 106 अ स्थित भूमि खसरा नं. 527 में से 60X40=2400 वर्गमीटर भूमि कार्यालय भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई है। आयोग द्वारा कार्यालय भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के माध्यम से करवाया गया है। भवन के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग टेक्नालजी के सिद्धांत को अपनाया गया है। प्रदेश में यह अपने प्रकार का ऐसा पहला भवन है। भवन में क्रेडा के माध्यम से 80 किलोवॉट क्षमता के सौर–ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की गई है। इससे उत्पादित विद्युत, कार्यालयीन उपयोग के पश्चात अतिरिक्त विद्युत ग्रिड में डाली जाती है।

—000—

## खण्ड–2
## मानव संसाधन एवं उनका विकास

### 2.1 आयोग का संगठनात्मक चार्ट :–

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 91 के अंतर्गत राज्य शासन से स्वीकृति प्राप्त कर आयोग के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से आयोग में विभिन्न पदों का सृजन किया गया। राज्य शासन के आदेश क्रमांक एफ 10–3/2004/13/1 दिनांक 28.05.2010 द्वारा आयोग हेतु नये स्वीकृत पदों की संख्या सम्मिलित कर वर्तमान संगठनात्मक विवरण निम्नानुसार है :

| स. क्र. | स्वीकृत पदों का नाम | स्वीकृत पद संख्या | वेतनमान | ग्रेड–पे | भरे हुए पद की संख्या | रिक्त पद की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **आयोग सचिवालय** | | | | | |
| 1. | सचिव | 1 | 37400–67000 | 10000 | 01 | – |
| 2. | उप सचिव | 1 | 15600–39100 | 7600 | 01 | – |
| 3. | उप निदेशक (उपभोक्ता पक्ष समर्थन प्रकोष्ठ) | 1 | 15600–39100 | 6600 | – | 01 |
| 4. | सहायक संचालक (सूचना प्रौद्योगिकि एवं नियामक सूचना प्रबंधन प्रणाली) | 1 | 15600–39100 | 5400 | – | 01 |
| 5. | विभाग अधिकारी | 1 | 9300–34800 | 4400 | – | 01 |
| | **तकनीकी विभाग** | | | | | |
| 6. | निदेशक | 1 | 37400–67000 | 10000 | 01 | |
| 7. | संयुक्त निदेशक | 1 | 15600–39100 | 7600 | 01 | |
| 8. | उप निदेशक | 2 | 15600–39100 | 6600 | 01 | 01 |
| 9. | सहायक संचालक | 2 | 15600–39100 | 5400 | | 01 |
| | **टैरिफ विभाग** | | | | | |
| 10. | निदेशक | 1 | 37400–67000 | 10000 | 01 | |
| 11. | संयुक्त निदेशक | 1 | 15600–39100 | 7600 | 01 | |
| 12. | उप निदेशक | 1 | 15600–39100 | 6600 | 01 | |
| 13. | सहायक संचालक | 1 | 15600–39100 | 5400 | | 01 |
| | **वित्त विभाग** | | | | | |
| 14. | अर्थप्रबंध सलाहकार | 1 | 37400–67000 | 8700 | | 01 |
| 15. | वित्तीय सलाहकार | 1 | 15600–39100 | 7600 | 01 | |
| | **विधि विभाग** | | | | | |
| 16. | निदेशक | 1 | 37400–67000 | 10000 | | 01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17. | वरिष्ठ विधि अधिकारी | 1 | 15600–39100 | 7600 | | 01 |
| 18. | विधि अधिकारी | 1 | 15600–39100 | 6600 | 01 | |
| | **प्रशासकीय विभाग** | | | | | |
| 19. | सहायक संचालक (लेखा) | 1 | 15600–39100 | 5400 | 01 | |
| 20. | निज सचिव | 2 | 9300–34800 | 4400 | 01 | 01 |
| 21. | निज सहायक | 5 | 9300–34800 | 4300 | 01 | 04 |
| 22. | सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर | 1 | 9300–34800 | 4300 | | 01 |
| 23. | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 1 | 9300–34800 | 4200 | 01 | |
| 24. | स्टेनोग्रफर | 5 | 5200–20200 | 2800 | 02 | 03 |
| 25. | कम्प्यूटर सहायक | 3 | 5200–20200 | 2400 | 02 | 01 |
| 26. | सहायक ग्रेड–2 | 3 | 5200–20200 | 2400 | 02 | 01 |
| 27. | स्टेनो टायपिस्ट | 4 | 5200–20200 | 1900 | 03 | 01 |
| 28. | सहायक ग्रेड–3 | 5 | 5200–20200 | 1900 | – | 05 |
| 29. | वाहन चालक | 4 | 5200–20200 | 1900 | 04 | – |
| 30. | भृत्य | 11 | 4440–7440 | 1300 | 09 | 03 |
| 31 | माली | 1 | 4440–7440 | 1300 | | 01 |
| | **योग** | **66** | | | | |

31.12.2010 तक की स्थिति में पदों की स्थिति ।

31.12.2010 की स्थिति में सचिव के अतिरिक्त कार्य दायित्व का निर्वहन निदेशक (तकनीकी) द्वारा किया जा रहा है ।

## 2.2 आयोग में वर्ष 2010 में सेवारत् अधिकारी

सृजित पदों को भरने के उद्देश्य से आयोग में अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति सीधी भर्ती, प्रतिनियुक्ति तथा संविदा नियुक्ति द्वारा की गई। वर्ष 2010 में आयोग में निम्नलिखित अधिकारी सेवारत रहे :–

| क्रमाँक | नाम | पद | पदभार ग्रहण करने का दिनाँक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एन. के. रूपवानी | निदेशक (तकनीकी), सचिव का अतिरिक्त प्रभार 10.10.2005 से | 04.10.2005 |
| 2. | श्री डी.पी. शर्मा | निदेशक (टैरिफ) | 05.07.2010 |
| 3. | श्री जी.एस. वर्मा | उप सचिव | 11.10.2007 से 06.12.2010 तक |
| 4. | श्री आर.एन. साहू | संयुक्त निदेशक (टैरिफ) | 27.10.2010 |
| 5. | श्री एस.पी. शुक्ला | संयुक्त निदेशक (तकनीकी) | 29.10.2009 से, उससे पूर्व उप निदेशक के पद पर कार्यरत् |
| 6. | श्री व्ही.के. अग्रवाल | संयुक्त निदेशक | 03.10.2008 से 04.10.2010 तक |
| 7. | श्री सुरोबिन राय | वित्तीय विश्लेषक | 06.10.2009 |
| 8. | श्री विवेक गनोदवाले | विधि अधिकारी | 10.12.2004 |
| 9. | श्री कमलेश दिल्लीवार | उप निदेशक (तकनीकी) | 11.08.2010 |
| 10. | श्री सुरेन्द्र सिंह | उप निदेशक (टैरिफ) | 11.08.2010 |
| 11. | श्री एम.ए. मुस्तफा | सहायक निदेशक (लेखा) | 30.10.2010 से, उससे पूर्व कनिष्ठ लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत् |

1. **श्री एन.के. रूपवानी, निदेशक (तकनीकी)** :– मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.ई. (ऑनर्स) की उपाधि प्राप्त करने के बाद, मझगांव डॉक्स लिमिटेड, बॉम्बे एवं शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में कनिष्ठ अभियंता के रूप में लगभग दो वर्ष कार्य करने के उपरान्त 07/03/1974 को मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में सहायक अभियंता के रूप में अपनी सेवा आरंभ की। मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में सहायक अभियंता, कार्यपालन

अभियंता, उप सचिव, अतिरिक्त सचिव और मुख्य अभियंता जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर आपने योजना–कार्य, संचालन एवं संधारण और निर्माण कार्यों को नई दिशाएं दी हैं। मंडल के समस्त थर्मल पावर स्टेशन्स के लिए क्षमता आंकलन जैसा महत्वपूर्ण कार्य आपने संपन्न किया था। चौदह वर्षों से लंबित 850 के.व्ही. मिनी हाइडल पावर स्टेशन कोरबा (पश्चिम) को प्रारंभ करना और कोरबा पश्चिम एवं कोरबा पूर्व थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए पर्यावरण स्वीकृति जैसे कार्य आपके द्वारा संपन्न कराये गये। विद्युत मण्डल द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का सकारात्मक हल, वेतन–निर्धारण आदि कार्यों में दक्षता के लिए 15 अगस्त 1996 में आपको उत्कृष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में आप 10 अक्टूबर 2005 से सचिव का अतिरिक्त प्रभार वहन कर रहे हैं।

2. **श्री डी.पी. शर्मा, निदेशक (टैरिफ)**:– शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बिलासपुर से बी. ई. (इलेक्ट्रीकल) की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत श्री शर्मा मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में स्नातक प्रशिक्षु के रूप में अपनी सेवा आरंभ की, लगभग 35 वर्षों में विभाग की प्रशासनिक सीढ़ियों पर क्रमशः चढ़ते हुए 2004 में मुख्य अभियंता के पद पर आसीन हुए। आपने इस पद पर रहते हुए प्रशिक्षण, पारेषण और वाणिज्य विभाग को नई दिशाएं दी हैं। जुलाई 2008 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल से सेवानिवृत्त होने के पश्चात् हैदराबाद में प्रतिष्ठित कम्पनी में तकनीकी सलाहकार के रूप में अपनी सेवायें देने के बाद दिनांक 05.07.2010 से आयोग में निदेशक (टैरिफ) के पद पर कार्यरत् हैं।

3. **श्री जी.एस. वर्मा, उप सचिव** :– बी.ई. (सिविल), एम.आई.ई. (इंडिया), एल एल. बी., एम.ए. (लोक प्रशासन), बेचलर ऑफ जर्नलिजम एण्ड मास कम्यूनिकेशन। मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग में 1969 से 2001 तक विभिन्न पदों पर कार्य करने के उपरान्त 2001 में छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग में विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, अवर सचिव एवं हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (कुल–सचिव) के रूप में कार्य करने के उपरान्त सितंबर, 2007 में छ.ग. प्रशासन अकादमी से कार्यपालन अभियंता के पद से सेवानिवृत्त। श्री वर्मा इंडियन वाटर रिसोर्सेस सोसायटी (रूड़की विश्वविद्यालय) के सदस्य, वर्ष 1991 से अभियांत्रिकीय महाविद्यालय के लिए बाह्य परीक्षक तथा छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासन अकादमी में गेस्ट फेकल्टी हैं। श्री जी.एस. वर्मा अक्टूबर, 2007 से छ.ग. राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपसचिव के रूप में संविदा पर कार्यरत् थे एवं दिनांक 06.12.2010 को अपने पद से त्यागपत्र देकर आयोग से कार्यमुक्त हुए।

4. **श्री एस.पी. शुक्ला, संयुक्त निदेशक (तकनीकी)** :– शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर से बी. ई. (मेकेनिकल) की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत श्री शुक्ला ने 11 वर्षों तक विद्युत संयंत्रों में कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, ताप–विद्युत संयंत्रों का नवीनीकरण व आधुनिकीकरण का कमीशनिंग प्रबंधक के पद पर कार्य किया। दिनांक 21/10/2004 से आयोग में उप निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात दिनांक 29/10/2009 को संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत हुए।

5. **श्री व्ही.के. अग्रवाल, संयुक्त निदेशक (टैरिफ)** :– बी.ई (विद्युत अभिंयात्रिकी) तथा 1988 में इग्नू से मानव संशाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की परीक्षा तथा वर्ष 2004 में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफीसिएंसी, नई दिल्ली (भारत सरकार) द्वारा आयोजित प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण होकर ऊर्जा अंकेक्षक व ऊर्जा प्रबंधक का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। श्री व्ही.के. अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल दिनांक 01/10/2008 से आयोग में प्रतिनियुक्ति पर संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत् रहे, तथा दिनांक 04. 10.2010 को आयोग में अपनी प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण करने के पश्चात् श्री व्ही.के. अग्रवाल अब छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कम्पनी में कार्यरत् हैं।

6. **श्री आर.एन. साहू, संयुक्त निदेशक (टैरिफ)**:– शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर से वर्ष 1972 में बी.ई. (विद्युत अभियांत्रिकी) की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत श्री साहू मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए वर्ष 2006 में अधीक्षण यंत्री (संचालन एवं संधारण) के पद से सेवानिवृत्त हुए। दिनांक 27.10.2010 से आयोग में संयुक्त निदेशक (टैरिफ) के पद पर कार्यरत् हैं। वर्तमान में अपने उक्त पद के अतिरिक्त उप सचिव का प्रभार भी वहन कर रहे हैं।

7. **श्री सुरोबीन राय, वित्तीय विश्लेषक**– बी.एस.सी. (गणित), एफ.आई.सी.डब्लु.ए., लागत लेखांकन एवं प्रबंधन, लेखांकन, बजट, लेखा–संपरीक्षण, वित्त एवं कोषालय प्रबंधन, करारोपण, वित्तीय विश्लेषण के क्षेत्र में आयोग की सेवा में आने के पूर्व 18 वर्ष का अनुभव है। श्री राय आयोग में वित्तीय विश्लेषक के रूप में दिनांक 06.10. 2009 से कार्यरत् है।

8. **श्री विवेक गनोदवाले, विधि अधिकारी** :– बी. कॉम, एल.एल.बी.। मई 1988 से मुख्यतः जिला न्यायालय रायपुर में सफल अभिभाषक रहे। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम तथा औद्योगिक न्यायालयों हेतु गठित व रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिवक्ताओं कें पेनल में रह चुके हैं। दिनांक 10/12/2004 से आयोग में विधि अधिकारी के पद पर कार्यरत् हैं।

9. **श्री सुरेन्द्र सिंह, उप निदेशक (टैरिफ)** :– शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर से बी.ई. (इलेक्ट्रीकल) की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात लगभग 1 वर्ष आटोमोबाईल उद्योग तथा लगभग 12 वर्ष तक जल विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कार्य किया। वर्तमान में अगस्त 2010 से आयोग में उप निदेशक (टैरिफ) के पद पर कार्यरत् हैं।

10. **श्री कमलेश दिल्लीवार, उप निदेशक (तकनीकी)** :– 1995 में मेकेनिकल इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत पॉवर प्लांट एवं कंसलटेंसी संस्थाओं में लगभग 3 वर्ष कार्य करने के बाद सन् 2000 में ऊर्जा प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। श्री दिल्लीवार ने सन् 2000 से लगातार पॉवर सेक्टर में अलग–अलग कसंलटेंसी संस्थाओं में विभिन्न पदों पर कार्य करने के बाद अगस्त 2010 में छ.ग. राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपनिदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उर्जा क्षेत्र में विभिन्न कंसलटेंसी संगठनो में रहते हुए उन्होंने विदेशों में भी (middle east, far east, African countries) अपनी सेवाएं दी। पिछले दस वर्षों में उन्होने विद्युत अधिनियम 2003 एवं ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए विभिन्न ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्युत बोर्ड, कंपनी एवं विभिन्न राज्यों के नियामक आयोग, निजी श्रेत्र के उद्योगों, निजी पॉवर प्लांट में कंसलटेंसी प्रदान की। सन् 2003 में महाराष्ट्र शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा महाराष्ट्र राज्य में ऊर्जा संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान हेतु श्री दिल्लीवार के नेतृत्व में इनकी नियोक्ता कंपनी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री दिल्लीवार द्वारा BEE (MoP) से Certified Energy Auditor and Manager का प्रमाण पत्र भी 2004 में प्राप्त किया गया है।

## 2.3 आयोग के अधिकारियों की कार्यकुशलता के विकास हेतु प्रशिक्षण/ कार्यशाला/संगोष्ठि /सम्मेलन कार्यक्रमः–

विगत वर्षों की भांति वर्ष 2010 में भी आयोग द्वारा अपने अधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थानों में विद्युत क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं, तथा टैरिफ के विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने भेजा जिससे उनकी कार्यकुशलता में आधुनिकतम–आवश्यकतानुरूप अभिवृद्वि हो सके ।

| क्र. | अधिकारी का नाम | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम/विषय | प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने वाली संस्था का नाम व स्थान | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कमलेश दिल्लीवार, उप निदेशक (तकनीकी) | केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम, | फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स, आई.आई.टी., कानपुर | 6 दिन (23.08.2010 से 28.08.2010) |
| 2. | श्री डी.पी. शर्मा, निदेशक (टैरिफ) | केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम, | फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स, आई.आई.टी., कानपुर | 6 दिन (23.08.2010 से 28.08.2010) |
| 3. | श्री एम.के. श्रोती, विद्युत लोकपाल | प्रोटेक्शन ऑफ कंज्युमर इन्ट्रेस्ट | नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स, नई दिल्ली | 2 दिन (24–25 नवम्बर 2010) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | श्री विवेक गनोदवाले, विधि अधिकारी | लीगल आसपेक्ट ऑफ पॉवर सेक्टर रेग्युलेशन | नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इण्डियन युनिवर्सिटी, फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स | 4 दिन (28.06.2010 से 01.07.2010) |
| 5. | श्री सुरोबिन रॉय, वित्तीय विश्लेषक | इन्टरनेशनल फिनेनसीयल रिर्पोटिंग स्टेन्डर्ड | फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स, नई दिल्ली | 3दिन (05.08.2010 से 07.08.2010) |
| 6. | श्री मनोज डे, अध्यक्ष | ओरियंटेशन कार्यक्रम | फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स एवं इंडियन इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद | 7 दिन (03.06.2010 से 09.06.2010) |
| 7. | श्री बी.के. शर्मा, सदस्य | ओरियंटेशन कार्यक्रम | फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स एवं इंडियन इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद | 7 दिन (03.06.2010 से 09.06.2010) |
| 8. | श्री एन.के. रूपवानी, सचिव | रिन्यूवेबल ऐनर्जी सर्टिफिकेट फ्रेमवर्क | फोरम ऑफ रेग्युलेटर्स, नई दिल्ली | 1 दिन (09.04.2010) |
| 9. | श्री बी.के. शर्मा, सदस्य | R-APDRP | इन्डिया इन्फ्रस्ट्रचर पब्लिशिंग प्रा.लि., नई दिल्ली | 2 दिन (15.07.2010 से 16.07.2010) |
| 10. | श्री एन.के. रूपवानी, सचिव | कोर कोर्स ऑन इन्फ्रस्ट्रक्चर रेगुलेशन एण्ड रिफोर्म | साऊथ एशिया फोरम फोर इन्फ्रस्ट्रक्चर रेगुलेशन एवं इंडियन इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर | 5दिन (26.04.2010 से 30.04.2010) |

## आयोग के सहयोग से आयोजित सेमिनार

इन्डिपेन्डेन्ट पॉवर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ इन्डिया द्वारा दिनांक 08.12.2010 को "उच्च–मूल्यों एवं ऊर्जा की अधोसंरचना के संरक्षण की चुनौतियां" विषय पर आयोजित सेमिनार को आयोग ने गैर वित्तीय सहयोग प्रदान किया था।

## खण्ड–3
## आयोग के कृत्य, कार्यवाहियां, शक्तियां एवं उसकी कार्यप्रणाली

3.1 **आयोग के कृत्य** – विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86 में निहित प्रावधानों के अनुसार, आयोग निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करता है :–

(i) राज्य के भीतर विद्युत के उत्पादन, पारेषण और Wheeling (व्हीलिंग) थोक या फुटकर आपूर्ति के लिये टैरिफ का निर्धारण।

(ii) वितरण लायसेंसी द्वारा राज्य में प्रदाय के लिये जिस दर से विद्युत का क्रय किसी उत्पादक कंपनी, लायसेंसधारी विद्युत ट्रेडर, अथवा अन्य स्त्रोतों से किया जाना है, उस प्रक्रिया का एवं दर का विनियमन करना।

(iii) राज्य के भीतर विद्युत के पारेषण तथा व्हीलिंग सुगम बनाने के लिये आवश्यक उपाय करना ।

(iv) राज्य में पारेषण, वितरण और विद्युत व्यापार (ट्रेडिंग) के लिये लाइसेन्स प्रदाय करना।

(v) नवीनीकरण ऊर्जा के स्त्रोतों से ग्रिड से संयोजन के लिये उपयुक्त उपाय करना, विद्युत के सह–उत्पादन तथा उत्पादन को प्रोत्साहन देना तथा वितरण लायसेन्सी के क्षेत्र में विद्युत की कुल खपत के प्रतिशत, ऐसे स्त्रोतों से विद्युत की खरीद के लिए भी विनिर्दिष्ट करना ।

(vi) लायसेन्सियों और उत्पादन कम्पनियों के बीच विवादों का निपटारा करना और माध्यस्थम (arbitration) के लिये किसी विवाद को Refer (निर्दिष्ट) करना।

(vii) धारा 79 के अधीन विनिर्दिष्ट केन्द्रीय ग्रिड कोड से सुसंगत (consistent) राज्य ग्रिड कोड का बनाना।

(viii) लायसेन्सी के द्वारा सेवा की गुणवत्ता, निरन्तरता और विश्वसनीयता के बारे में मानकों (standards) का निर्धारण करना तथा प्रभावशील करना ।

(ix) यदि आवश्यक समझा जाए तो राज्य के भीतर विद्युत के व्यापार में ट्रेडिंग मार्जिन तय करना ।

(x) अधिनियम के अधीन ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो आयोग को सौंपे जाए।

(2) आयोग राज्य सरकार को निम्नलिखित मामलों पर परामर्श दे सकता है:–

(i) विद्युत उद्योग में प्रतिस्पर्धा, दक्षता, और मितव्ययिता को प्रोत्साहन देना;

(ii) विद्युत उद्योग में पूँजी निवेश को प्रोत्साहन देना;

(iii) राज्य में विद्युत मण्डल का पुनर्गठन और पुनः संरचना एवं

(iv) विद्युत उत्पादन, पारेषण वितरण और व्यापार सम्बन्धी मामले या कोई अन्य मामला जो शासन द्वारा राज्य आयोग को सौंपा गया हो ।

अधिनियम में आयोग को अपनी शक्तियों के प्रयोग में तथा कार्य के निर्वहन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश है।

आयोग अपने कार्य के निर्वहन में राष्ट्रीय विद्युत नीति, और विद्युत अधिनियम की धारा 3 के अधीन प्रकाशित टैरिफ नीति से मार्गदर्शन लेता है।

## 3.2 आयोग की कार्यप्रणाली

अधिनियम में यह अपेक्षा की गई है कि आयोग अपने कार्य निष्पादन में पूर्ण पारदर्शिता बरतेगा एवं इसमें उपभोक्ताओं से अधिकाधिक सहयोग प्राप्त करेगा। आयोग की कार्यप्रणाली न्यायिक कार्यप्रणाली के तुल्य है। आयोग को अपने कार्य के निष्पादन करने के संबंध में विनियम बनाने का अधिकार है। उपरोक्त अधिकार का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा "कार्य संचालन विनियम, 2004 "बनाया गया था, जिसे पुर्नरीक्षित कर "कार्य संचालन विनियम 2009" बनाया गया है। इस विनियम में आयोग की कार्य प्रणाली विस्तृत रूप में दी गई। इसके मुख्य प्रावधान निम्नानुसार हैः–

- कोई भी व्यक्ति आयोग के समक्ष निर्धारित रीति से आवेदन/याचिका प्रस्तुत कर सकता है ।
- याचिका शुल्क लाईसेंसी या किसी कंपनी या व्यक्ति के मामले में प्रकरण की विषयवस्तु के अनुसार अलग–अलग निर्धारित हैं ।
- प्रत्येक व्यक्ति, जिसे जाँच या याचिका के बारे में सूचना–पत्र जारी किया गया है, वह अपना उत्तर समस्त प्रतिलिपियों सहित निर्धारित समय–सीमा में आयोग के सामने प्रस्तुत करेगा ताकि मामले की सही जाँच समुचित रूप से की जा सके ।
- आयोग के सामने संबंधित व्यक्ति उपस्थित हो सकेगा या कार्यवाही एवं पैरवी करने हेतु अधिकृत व्यक्ति नियुक्त कर सकेगा ।
- आयोग निर्धारित मामले की सुनवाई आवेदन के क्रमानुसार निश्चित स्थान, दिनाँक व समय निर्धारण कर अधिनियम के तहत् निपटाने की कोशिश करेगा।
- आयोग किसी भी कार्यवाही, सुनवाई या किसी मामले के दौरान कोई भी अंतरिम आदेश, जो वह उचित समझे, जारी कर सकता है ।

- विद्युत अधिनियम के अनुसार आयोग अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले विवादों का हल, विवाद के पक्षकारों में से किसी एक पक्षकार द्वारा आवेदन किये जाने पर शुरू कर सकेगा तथा प्रकरण माध्यस्थम को निर्दिष्ट कर सकेगा।
- आयोग आवश्यक जानकारी एकत्र करने के लिये जाँच, अनुसंधान, प्रवेश, खोज एवं जब्ती के लिए आदेश कर सकेगा ।
- यदि कोई अनुज्ञप्तिधारी या उत्पादन कंपनी अनुज्ञप्ति के किसी नियम, शर्त या अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करता है तो आयोग विद्युत अधिनियम की धारा 128 के तहत् उनके विरूद्ध लिखित आदेश देकर उसके काम–काज की जाँच करा सकता है ।
- इसके साथ यदि व्यक्ति निर्धारित तिथि में सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं होता है तो आयोग ऐसे व्यक्ति की अनुपस्थिति में अपने अनुसार एक पक्षीय कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। नियम/कानून या प्रावधानों को लागू करने में आयोग यदि कोई कठिनाई महसूस करता है तो वह सामान्य या विशेष आदेश द्वारा उस कठिनाई को दूर कर सकता है ।
- आयोग के समक्ष सभी मामलों की सुनवाई खुले रूप से होती है जहाँ कोई भी संबंधित व्यक्ति उपस्थित हो सकता है। उपर्युक्त मामलों में उपभोक्ताओं के पक्ष में प्रस्तुत करने के लिए किसी भी व्यक्ति को आयोग द्वारा प्राधिकृत किया जा सकता है।

## 3.3 आयोग की शक्तियाँ

विद्युत अधिनियम की धारा 94 के अनुसार आयोग को इस अधिनियम के अधीन किसी जाँच या कार्यवाही के प्रयोजनों के लिये वही शक्तियाँ प्राप्त है, जो कि सिविल प्रोसीजर कोड 1908 (5/1908) के अधीन निम्नलिखित मामलों के सम्बन्ध में सिविल न्यायालय में निहित की गई हैं ।

(i) किसी व्यक्ति की उपस्थिति हासिल करने के लिये सम्मन जारी करना और उसका शपथ पर परीक्षण करना ।

(ii) किसी (विलेख) दस्तावेज तथा साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किये जाने योग्य अन्य संदर्भित सामग्री की खोज और उसकी प्रस्तुति ।

(iii) शपथ पत्र पर साक्ष्य प्राप्त करना/ग्रहण करना ।

(iv) किसी लोक अभिलेख को तलब करना ।

(v) साक्षियों के परीक्षण के लिये निर्देश जारी करना;

(vi) अपने विनिश्चयों, निर्देशों और आदेशों का पुनर्विलोकन (reviewing) करना;

(vii) कोई अन्य मामला जो विहित किया जाये।

(2) आयोग को किसी कार्यवाही में, सुनवाई करते समय या कोई मामला जो आयोग के समक्ष हो और जैसा आयोग समुचित समझे ऐसा अन्तरिम आदेश पारित करने की शक्तियाँ है।

(3) आयोग, उपभोक्ताओं के हित का अपने समक्ष कार्यवाहियों में प्रतिनिधित्व करने के लिये किसी व्यक्ति को प्राधिकृत कर सकेगा, जैसा वह उचित समझे।

### 3.4 आयोग के समक्ष कार्यवाहियाँ –

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 95 के अनुसार समस्त कार्यवाहियाँ आयोग के समक्ष भारतीय दण्ड संहिता (45/1860) की धाराओं 193 तथा 228 के आशयों के भीतर न्यायिक कार्यवाहियाँ समझी जाएगी और आयोग दण्ड प्रक्रिया संहिता (क्रीमनल प्रोसीजर कोड, 1973 (2/1974) ) की धाराओं 345 तथा 346 के प्रयोजनों के लिये सिविल कोर्ट समझा जायेगा ।

—000—

## खण्ड—4
## राज्य सलाहकार समिति

**4.1 राज्य सलाहकार समिति –**

विद्युत अधिनियम की धारा 88 में राज्य सलाहकार समिति के गठन का प्रावधान है। राज्य सलाहकार समिति निम्नलिखित विषयों पर आयोग को परामर्श दे सकेगी:–

(1) मुख्य नीतिगत मुद्दों पर;

(2) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रदत्त सेवा की गुणवत्ता, निरंतरता एवं विस्तार से संबंधित विषयों पर;

(3) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उसकी अनुज्ञप्ति की शर्तो एवं अपेक्षाओं के अनुपालन पर;

(4) उपभोक्ता हित संरक्षण पर; एवं

(5) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा विद्युत प्रदाय एवं कार्य निष्पादन के मानकों पर।

सलाहकार समिति का गठन आयोग की अधिसूचना दिनाँक 25.02.2005 के द्वारा किया गया था। दिनाँक 31.12.2010 की स्थिति में राज्य सलाहकार समिति में निम्नलिखित सदस्य हैं:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, रायपुर | अध्यक्ष | पदेन |
| 2. | सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, रायपुर | सदस्य | पदेन |
| 3. | प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, रायपुर | सदस्य | पदेन |
| 4. | सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ऊर्जा विभाग, रायपुर | सदस्य | पदेन |
| 5. | प्रबंध निदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, रायपुर | सदस्य | अनुज्ञप्तिधारी के प्रतिनिधि |
| 6. | महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, बिलासपुर | सदस्य | परिवहन के प्रतिनिधि |
| 7. | महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई | सदस्य | बड़े उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि |
| 8. | महापौर, रायपुर नगर पालिक निगम, रायपुर या उनके प्रतिनिधि | सदस्य | उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि |
| 9. | अध्यक्ष, कंफडेरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्रीज, छत्तीसगढ़ चैप्टर, रायपुर | सदस्य | उद्योगों के प्रतिनिधि |
| 10. | अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ उद्योग महासंघ, रायपुर | सदस्य | उद्योगों के प्रतिनिधि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | अध्यक्ष, उरला इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, रायपुर | सदस्य | उद्योगों के प्रतिनिधि |
| 12. | अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ, बिलासपुर | सदस्य | लघु उद्योगों के प्रतिनिधि |
| 13. | अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज रायपुर | सदस्य | वाणिज्य के प्रतिनिधि |
| 14. | श्री ललित सिंघानिया, रायपुर | सदस्य | गैरसरकारी/ अशासकीय संगठन के प्रतिनिधि |
| 15. | श्री रामचन्द्र चेट्टी, कोरबा | सदस्य | श्रमिकों के प्रतिनिधि |
| 16. | श्री अरूण कुमार चौबे, रायपुर | सदस्य | श्रमिकों के प्रतिनिधि |
| 17. | श्री गौरी शंकर कौशिक, गांव–पोडी, जिला– बिलासपुर | सदस्य | कृषक प्रतिनिधि |
| 18. | श्री एम.पी.पाण्डे, सचिव, जय प्रकाश मेमोरियल सेंटर किरन्दुल | सदस्य | अशासकीय संगठन के प्रतिनिधि |
| 19. | श्री बीरेन्द्र कुमार सोनी, डोंगरगढ़ | सदस्य | उपभोक्ताओ के प्रतिनिधि |
| 20. | आर.पी. सिंह, रिटा. मुख्य अभियंता, छ.ग.रा.वि.मं., बिलासपुर | सदस्य | उपभोक्ताओ के प्रतिनिधि |
| 21. | श्री गोपाल मुखर्जी, अध्यक्ष एवं संचालक राजकिशोर नगर समन्वय समिति, बिलासपुर | सदस्य | उपभोक्ताओ के प्रतिनिधि |

**टीप**:– आयोग के सचिव, समिति के पदेन सचिव हैं।

## 4.2 राज्य सलाहकार समिति की बैठकें –

वर्ष 2010 में इस समिति की संपन्न बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा देयकों के भुगतान हेतु दी जा रहीं सुविधाओं पर, स्ट्रीट लाईटों को समय पर चालू एवं बंद करने हेतु टाईमर की स्थापना करने के संबंध में, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या पर, फ्यूजकॉल सेंटरों का कार्य, मीटर रीडिंग आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं तत्संबंधी निर्देश भी जारी किये गये।

— 000—

## खण्ड–5

## वर्ष 2010 में आयोग द्वारा किये गये विभिन्न कार्यों का विवरण

### 5.1 आयोग द्वारा विनियमों का जारी करना –

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 181 के अनुसार अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने तथा आयोग को अधिनियम में सौपें गये कृत्यों को पूरा करने के लिए आयोग को विभिन्न धाराओं से सुसंगत विनियम बनाने की शक्ति दी गई है। इस प्रकार विनियम का बनाना आयोग का एक प्रमुख कर्तव्य है। उपरोक्त विनियम बनने के पूर्व प्रारूप विनियमों तथा अन्य दिशा निर्देशों पर जन सामान्य तथा विशेष रूप से प्रभावित घटक–संस्थाओं, विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, अनुज्ञप्तिधारियों, शासन, राज्य सलाहकार समिति के सदस्यों से उपरोक्तानुसार सुझाव आपत्तियाँ तथा टिप्पणियाँ प्राप्त की जाती है ।

आयोग द्वारा विनियम बनाने की प्रक्रिया अधिसूचना (नोटिफिकेशन) द्वारा की जाती है। अधिसूचना का अभिप्राय शासकीय राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना से है। धारा 181 की उपधारा (3) में यह प्रावधान है कि आयोग द्वारा बनाए गए समस्त विनियम पूर्व प्रकाशन की शर्त के अधीन होंगे।

अतः पूर्व प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निम्नलिखित प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

- प्रारूप विनियम आयोग की वेबसाईट पर रखे जायेंगे तथा प्रारूप विनियमों की प्रतियाँ आयोग के कार्यालय व पुस्तकालय में कार्यालय के कार्य–अवधि में अवलोकनार्थ उपलब्ध होंगी।
- प्रारूप विनियमों के बारे में आपत्ति/सुझाव/टिप्पणियाँ आमंत्रित करने हेतु सर्वाधिक प्रसारित दो समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित की जायेगी तथा आयोग के सूचना पटल पर भी प्रदर्शित की जायेगी। उक्त सूचना में संक्षेप में विनियम की विषय–वस्तु समाविष्ट होगी।
- प्रारूप विनियम की एक–एक प्रतिलिपि निम्नलिखित में से प्रत्येक को भेजी जायेगी:–

  (क) राज्य शासन के ऊर्जा विभाग में

  (ख) राज्य सलाहकार समिति के प्रत्येक सदस्य को ।

  (ग) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी को ।
- दो सप्ताह या उससे अधिक समय जैसा आयोग द्वारा समुचित माना जाये, आपत्तियाँ, सुझाव व टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने हेतु दिया जायेगा।

- समुचित प्रकरणों में आयोग द्वारा प्राप्त आपत्तियों, सुझावों व टिप्पणियों के आधार पर प्रारूप विनियम पर जन–सुनवाई की जा सकती है।
- विनियम को अंतिम रूप जैसा कि आयोग द्वारा स्वीकृत किया जाये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन हेतु भेजा जायेगा। प्रकाशन के उपरांत विनियम को आयोग के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा तथा तत्संबंधी सूचना आयोग के आम सूचना–पटल पर प्रदर्शित की जायेगी तथा एक प्रेस–विज्ञप्ति भी जारी की जा सकती है।

उपरोक्तानुसार आयोग की स्थापना वर्ष 2004 में होते ही वर्ष 2004 से 2009 में निरंतर विनियम तैयार कर लागू कर दिये थे। यह प्रक्रिया वर्ष 2010 में भी अनवरत जारी रही। दिनाँक 31.12.2010 की स्थिति में जारी विनियमों की सूची निम्नानुसार है :–

**(I) वर्ष 2010 के पूर्व अधिसूचित विनियम –**

1. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (अनुज्ञप्ति) विनियम–2004
2. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (राज्य सलाहकार समिति) विनियम–2004
3. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ अवधारण के लिए उत्पादन कम्पनी और अनुज्ञप्तिधारी द्वारा दिये जाने वाले विवरण एवं आवेदन देने की रीति) विनियम–2004
4. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सुरक्षा निधि) विनियम–2005
5. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (परामर्शियों की नियुक्ति) विनियम–2005
6. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (छत्तीसगढ़ राज्य में राज्यांतरिक मुक्त उपयोग) विनियम–2005
7. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता 2005
8. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ अवधारण हेतु निबंधन व शर्ते) विनियम–2006
9. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ग्रिड संहिता 2007।
10. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दाखिल करने की प्रक्रिया) विनियम–2005
11. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (भर्ती एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सेवा की शर्तों विनियम–2005

12. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (विद्युत वितरण कार्यान्वयन हेतु मानक) विनियम–2006

13. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सूचना की तामीली व प्रकाशन) विनियम, 2006।

14. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता (प्रथम संशोधन) 2007

15. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत प्रदाय संहिता (द्वितीय संशोधन) 2007

16. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (छत्तीसगढ़ में राज्यांतरिक मुक्त उपयोग–प्रथम संशोधन) विनियम, 2007 (पुर्नरीक्षित)

17. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ग्रिड संहिता (प्रथम संशोधन), 2008।

18. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सुरक्षा निधि–प्रथम संशोधन) विनियम, 2007

19. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण) विनियम 2007 (पुर्नरीक्षित)।

20. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (उर्जा के नवीकरणीय स्त्रोत से वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा विद्युत की प्राप्ति) विनियम, 2008।

21. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (अनुज्ञप्ति) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2008।

22. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (अपारंपरिक उर्जा–स्त्रोतों पर आधारित संयंत्रों द्वारा उत्पादित विद्युत हेतु उत्पादन टैरिफ की अवधारणा हेतु निबंधन एवं शर्तें तथा संबंधित विषय–वस्तु ) विनियम, 2008।

23. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (शुल्क एवं प्रभार) विनियम, 2009 (पुनरीक्षित)

24. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (कार्य संचालन) विनियम, 2009 (पुनरीक्षित)

**(II) वर्ष 2010 में अधिसूचित विनियम –**

1. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धांतों के अनुरूप टैरिफ निर्धारण हेतु निबन्धन एवं शर्तें) विनियम, 2010

2. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केंद्र के शुल्क एवं प्रभार तथा अन्य संबंधित विषयक) विनियम 2010

## (III) आयोग द्वारा बनाये गये प्रारूप विनियम –

वर्ष 2010 में निम्नलिखित प्रारूप विनियम बनाये गये हैं, इन विनियम पर आम उपभोक्ताओं एवं सम्बन्धित पक्षों से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त की गई हैं। प्राप्त सुझावों/आपत्तियों पर आयोग द्वारा विचार करने के पश्चात् इन्हे अन्तिम रूप दिया जावेगा :–

1. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण) विनियम, (पुनरीक्षण) ।
2. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (अपारंपरिक ऊर्जा खरीद दायित्व एवं अपारंपरिक ऊर्जा प्रमाण–पत्र कार्यान्वयन) विनियम ।
3. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (संयोजकता एवं राज्यांतरिक मुक्त उपयोग) विनियम ।

## 5.2 आयोग द्वारा जारी किये महत्वपूर्ण आदेश –

1. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा प्रदेश के विद्युत जनरेटरों से लघु अवधि विद्युत क्रय करने हेतु आयोग द्वारा दरों का निर्धारण किया गया।
2. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कम्पनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी के लिए रू. 13571/– करोड़ के तीन वर्षीय वाणिज्यिक योजना को मंजूरी प्रदान की गई।
3. विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकायादारों से बकाया सरचार्ज की राशि के लिए एक बार राजीनामा करने हेतु प्रस्तुत योजना का अनुमोदन।
4. आयोग द्वारा बायोमास का उपयोग कर विद्युत उत्पादन कर रहे राज्य के विद्युत उत्पादकों के समक्ष बायोमास की दरों में अप्रत्याशित वृद्धि से उत्पन्न कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुये उनके लिये पूर्व में जारी टैरिफ दरों का पुनर्विलोकन कर नई दरों का निर्धारण किया गया।
5. राज्य में सौर ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु आयोग द्वारा स्वप्रेरणा से ऐसे विद्युत उत्पादकों द्वारा उत्पादित विद्युत के राज्य के वितरण कंपनियों द्वारा क्रय करने हेतु दरों का निर्धारण करते हुए कतिपय निर्देश जारी किए थे। इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा जारी "जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन" अनुमोदित किया गया है। आयोग इस राष्ट्रीय सौर मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु, पूर्व में जारी आदेश में संशोधन कर उसे उक्त मिशन के अन्तर्गत आने वाले लघु सौर ऊर्जा संयंत्रो हेतु भी लागू किया है।

## 5.3 न्यायिक कार्य : याचिकाओं का निराकरण –

इस वर्ष आयोग द्वारा स्वयं संज्ञान लेकर 03 मामले पंजीबद्ध कर उसमें कार्यवाही की गई। विभिन्न पक्षकारों द्वारा 53 प्रकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये गए। इस तरह वर्ष 2010 के दौरान आयोग में कुल 56 मामले पंजीबद्ध किये गए, जिसमें से 39 प्रकरणों का निपटारा आयोग द्वारा इस वर्ष किया गया। सन् 2009 में पंजीबद्ध, परन्तु इस वर्ष के प्रारंभ में लंबित, 15 प्रकरणों में से 12 का निपटारा भी इस वर्ष किया गया। इस तरह वर्ष 2010 में कुल 51 मामलों का निराकरण किया गया। यह नीचे दी गई सारणी में दर्शित है:–

| प्रकरणों का निराकरण | | | |
|---|---|---|---|
| 01–01–2010 की स्थिति में विचाराधीन | वर्ष 2010 में पंजीकृत | वर्ष 2010 में निराकृत | 01–01–2011 की स्थिति में विचाराधीन |
| 15 | 56 | 51 | 20 |

## 5.4 विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम तथा विद्युत लोकपाल (अंबुडसमैन) की स्थापना –

आयोग के निर्देशानुसार राज्य विद्युत मंडल द्वारा राज्य में रायपुर, बिलासपुर तथा जगदलपुर में शिकायत निवारण फोरम (फोरम) स्थापना की गई। इसके अलावा आयोग द्वारा विद्युत अधिनियम धारा 42(6) के प्रावधान के अनुसार विद्युत लोकपाल की नियुक्ति भी की है। फोरम के आदेशों के विरूद्ध लोकपाल के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

विद्युत लोकपाल (अंबुडसमैन) द्वारा वर्ष 2010 में निराकृत किये गए प्रकरणों की स्थिति निम्नानुसार है:–

| प्रकरणों का निराकरण | | | |
|---|---|---|---|
| 01–01–2010 की स्थिति में विचाराधीन | वर्ष 2010 में पंजीकृत | वर्ष 2010 में निराकृत | 01–01–2011 की स्थिति में विचाराधीन |
| 15 | 48 | 39 | 24 |

## 5.5 विद्युत उपभोक्ताओं हेतु बेहतर सेवा तथा जागरूकता के प्रयास –

विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदाय करने हेतु आयोग द्वारा मानक विनियम तैयार किए गये हैं जिनमें, निर्धारित समयावधि में सेवा उपलब्ध न होने पर व सेवा में कमी पाये जाने पर उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति राशि देने का प्रावधान रखा गया है।

तत्संबंध में एक पोस्टर राज्य विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा आयोग के निर्देशानुसार हिन्दी में तैयार कराया गया है जिसे मण्डल के कार्यालयों जैसे वितरण केन्द्र, उपसंभाग, संभाग, वृत्त कार्यालय एवं कम्पनी के अन्य प्रमुख कार्यालयों के मुख्य स्थानों पर लगाया गया है।

